शिकायत | मैनेजर आदित्य द्विवेदी और गुर्गों की अमानवीय कार्यशैली के खिलाफ थाने में की शिकायत

# श्री साई सर्विसेज कंपनी के कर्मी हुए लामबंद



**प्रदीप शर्मा**

**नवभारत,धनपुरी/खैरहा/सोहागपुर क्षेत्र।** पुलिस अनुभाग धनपुरी क्षेत्र अंतर्गत थाना खैरहा पहुंचकर साई सर्विसेज कंपनी के कर्मियों ने कंपनी के मैनेजर आदित्य द्विवेदी और उसके साथियों के खिलाफ लिखित लिखित शिकायत दर्ज कराकर अपनी व्यथा व्यक्त की है और श्री साई सर्विसेज कंपनी के मैनेजर आदित्य द्विवेदी पर कई प्रकार के संवेदनशील आरोप लगाए हैं जिससे जेएमएस कम्पनी और एसईसीएल प्रबंधन सोहागपुर क्षेत्र दोनो पर अत्यंत गंभीर प्रश्नवाचक चिन्ह लग रहे है

## आदित्य द्विवेदी पर गंभीर आरोप, प्रबंधन मौन

श्री साई सर्विस कंपनी के मैनेजर आदित्य द्विवेदी एवं सुपरवाईजर शुभम् बरगाही संदीप जोगी, जीतेन्द्र पटेल द्वारा किया जा रहा मानसिक रूप से प्रताड़ित थाना प्रभारी को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेखित है की।

जेएमएस कंपनी के अंदर श्री साई सर्विस कंपनी जो जेएमएस कंपनी के कर्मचारियो के लिए रहने, खाने एवं अन्य सुविधा प्रदान करती है। श्री साई सर्विस कंपनी में लगभग 25 लोग काम करते है। कंपनी के सुपरवाईजर शुभम् बरगाही, संदीप जोगी, जीतेन्द्र पटेल द्वारा हम लोगो से 8 घण्टे के बदले 9-1 घण्टे का लेने के लिए दबाब बनाते है अगर ओवर टाइम काम करने से मना करते है तो गाली गलौज करते है अगर ओवर टाईम करते है तो हम लोगो को ओवर टाईम का अलग से पैसा भी नहीं देते है। यह सभी बात अपने कंपनी के मैनेजर आदित्य द्विवेदी को मिल कर बताते है तो बोलता है आप लोगो को काम नहीं करना है तो आप जा सकते है। हम लोगो का हाजरी फेस स्कैनिंग से लगता है किसी दिन किसी कारण फेस स्कैनिंग से हाजरी नहीं लगता है तो उस दिन का पैसा काट लेते है और काम पूरा दिन 9-1 घण्टे लेते है। कंपनी मैनेजर आदित्य द्विवेदी द्वारा हर माह हम लोगो से 1-1/- रुपये पेमेंट से मागता है नही देते है तो काम से निकाल देने का धमकी देता है। और कम्पनी व्दारा निर्धारित रेट से पैसा नही दिया जाता है। कम्पनी में कार्यरत आनन्द बैगा नि.पकरिया के साथ कई बार कंपनी मैनेजर आदित्य द्विवेदी व्दारा मारपीट की गई है चूकि रिपोर्ट इसलिए नहीं किया कि कम्पनी से काम से निकाल देगे डर के कारण रिपोर्ट नहीं किया है।

इन सभी बातों का उल्लेख करते हुए संबंधित श्री साई सर्विसेज कंपनी के कर्मचारियों ने मुख्य रूप से कंपनी मैनेजर श्री आदित्य द्विवेदी पर गंभीर और अतिसंवेदनशील आरोप लगाए हैं और मांग की है जल्द से जल्द कंपनी मैनेजर आदित्य द्विवेदी सुपरवाईजर शुभम् बरगाही, संदीप जोगी, जीतेन्द्र पटेल के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि हमारी आजीविका पर किसी प्रकार से दलालों के द्वारा डाला नही डाला जा सके। श्री साई सर्विसेज कंपनी के कर्मचारियों ने यह अल्टीमेटम भी दिया है की अगर हमारे द्वारा सौंपे गए ज्ञापन पर कोई सख्त कार्यवाही सुनिश्चित नही की जाती तो हम अनिश्चकाल के लिए आमरण अनशन करने पर विवश होंगे जिसकी पूर्ण जवाबदेही स्थानीय प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन सोहागपुर क्षेत्र की होगी।

**इनका कहना है**

मामला वरिष्ठ अधिकारियों को अग्रेषित किया गया है वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में जांच उपरांत उचित कार्यवाही दोषियों के विरुद्ध अवश्य की जाएगी।

**उमाशंकर चतुर्वेदी**
**थाना प्रभारी थाना खैरहा**

# अवैध विद्युत कनेक्शन धारकों पर बड़ी कार्रवाई

- रेलवे कॉलोनी से छोटी अमलाई तक चला अभियान, अवैध बिजली उपयोग करने वालों में मचा हड़कंप



**नवभारत, धनपुरी।** सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बी.के. जेना के निर्देश एवं शारदा सब एरिया के प्रबंधक पी. रमन्ना के मार्गदर्शन में अवैध विद्युत कनेक्शन धारकों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया। वर्कशॉप प्रभारी अजय द्विवेदी के नेतृत्व में संचालित इस विशेष अभियान के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वालों के खिलाफ सघन जांच की गई। कार्रवाई के दौरान सैकड़ों मीटर अवैध केबल बरामद कर जब्त की गई।

अभियान रेलवे कॉलोनी शिव मंदिर क्षेत्र, गुरुद्वारा के सामने स्थित इलाके, रेलवे कॉलोनी की निकली दफाई, छोटी अमलाई तथा अमलाई नंबर-3 सहित कई क्षेत्रों में चलाया गया। जांच टीम ने घरों एवं अन्य स्थानों पर लगाए गए अवैध विद्युत कनेक्शनों की पड़ताल की और नियमों के विरुद्ध उपयोग की जा रही केबलों को हटाकर जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि अवैध कनेक्शन न केवल विद्युत व्यवस्था को प्रभावित करते हैं, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ाते हैं। इसलिए ऐसे मामलों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

अवैध विद्युत कनेक्शन धारकों के खिलाफ चलाए गए इस अभियान से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। लोगों में यह संदेश गया है कि बिजली चोरी एवं अवैध कनेक्शन के मामलों में अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने आम नागरिकों से वैध प्रक्रिया के तहत विद्युत कनेक्शन लेने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता की जानकारी विभाग को देने की अपील की है। इस अभियान में वर्कशॉप प्रभारी अजय द्विवेदी के नेतृत्व में फोरमैन बीजू सैमुअल, युधिष्ठिर यादव, अर्जुन महोबिया, पारस कुमार, अजय सिंह, दुर्गा सिंह, प्रकाश केवट, जितेंद्र साहू, आदित्य शुक्ला, लालजी पनिका, अनिल तिवारी, सुल्तान, सलीम, अज्जू कोल, अमरनाथ कुम्हार तथा संतोष कोल सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने एवं कार्रवाई को सफल बनाने के लिए सुरक्षा विभाग से एसआईएसएफ के बृजेंद्र यादव तथा विभागीय सुरक्षा टीम के सब इंस्पेक्टर घनश्याम पांडे, सब इंस्पेक्टर गायत्री गौतम, पुष्पराज पनिका सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि विद्युत चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# रसायन शास्त्र विषय को मिलेगा नया आयाम

- एमएलबी कन्या विद्यालय में तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण आयोजित



**नवभारत, शहडोल।** शासकीय पीएम श्री एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में 8 से 10 जून 2026 तक रसायन शास्त्र विषय के शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय दक्षता संवर्धन (कैपेसिटी बिल्डिंग) प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य उच्च माध्यमिक स्तर पर रसायन शास्त्र के शिक्षण को अधिक प्रभावी, प्रयोगात्मक एवं गतिविधि आधारित बनाना था। प्रशिक्षण में जिले के लगभग 30 उच्च माध्यमिक शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रसायन शास्त्र प्रयोगशाला में उपयोग होने वाले विभिन्न उपकरणों, प्रयोगों की वैज्ञानिक अवधारणाओं, आवश्यक सामग्री, सिद्धांतों तथा प्रयोगों के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रतिभागी शिक्षकों ने प्रयोगशाला में विभिन्न प्रायोगिक गतिविधियों का पुन: अभ्यास किया तथा उनसे संबंधित अवधारणाओं पर चर्चा कर अनुभव साझा किए। प्रशिक्षण के दौरान अकार्बनिक लवणों के गुणात्मक विश्लेषण (साल्ट एनालिसिस), आयतनमितीय विश्लेषण के अंतर्गत अम्ल-क्षार एवं रेडॉक्स अनुमापन, कार्बनिक यौगिकों में उपस्थित तत्वों एवं क्रियात्मक समूहों के परीक्षण, कार्बनिक यौगिकों के गलनांक एवं क्वथनांक निर्धारण, कैल्शियम, स्ट्रांशियम एवं बेरियम जैसे तत्वों के ज्वाला परीक्षण, तथा कार्बोहाइड्रेट, वसा एवं प्रोटीन की पहचान संबंधी प्रयोगों का प्रदर्शन एवं व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) की प्राचार्य अभिलाषा मिश्रा ने शिक्षकों से विद्यालयों में गतिविधि आधारित एवं प्रयोगात्मक शिक्षण को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

# जिले से रेत चोरी रोकने अब इन्द्र को ही जागना होगा

- शासन-प्रशासन की कार्रवाई नाकाफी, मानसून का इंतजार



**सुनील कुमार मिश्रा**

**नवभारत,शहडोल।** जिले में इस वर्ष रेत खदानों का वैध ठेका नहीं हो पाने के कारण जहां एक ओर शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि अब लोगों के बीच यह चर्चा होने लगी है कि रेत चोरी पर प्रभावी रोक लगाने में यदि कोई सक्षम है तो वह केवल समय पर आने वाला मानसून ही है।

## ठेका नहीं, लेकिन कारोबार जारी

जिले की विभिन्न नदियों और घाटों से इस वर्ष वैध रूप से रेत उत्खनन की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद कई क्षेत्रों में दिन-रात रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर प्रमुख मार्गों तक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों के माध्यम से रेत का परिवहन किया जा रहा है। वैध ठेका नहीं होने के कारण शासन को जहां राजस्व प्राप्त नहीं हो रहा, वहीं अवैध कारोबार से जुड़े लोगों को भारी आर्थिक लाभ मिल रहा है। स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप लगाए जाते रहे हैं कि रेत माफिया को विभिन्न स्तरों पर संरक्षण मिलने के कारण यह कारोबार निर्बाध रूप से संचालित हो रहा है।

## करोड़ों के राजस्व का नुकसान

खनिज विभाग के लिए रेत एक महत्वपूर्ण राजस्व स्रोत माना जाता है। जिले में पर्याप्त मात्रा में रेत उपलब्ध होने के बावजूद खदानों का संचालन नहीं होने से शासन को करोड़ों रुपये की आय से वंचित होना पड़ा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय पर खदानों का आवंटन और संचालन होता तो न केवल राजस्व प्राप्त होता बल्कि रेत के उत्खनन पर निगरानी भी सुनिश्चित की जा सकती थी। वर्तमान स्थिति में शासन को आर्थिक नुकसान और प्राकृतिक संसाधनों को दोहरी क्षति उठानी पड़ रही है।

## रेत चोरों के लिए सोना बनी सुनहरी रेत

जिले की सोन, जोहिला, महान और अन्य नदी क्षेत्रों में रेत की प्रचुर उपलब्धता है। यही कारण है कि अवैध उत्खनन करने वालों के लिए रेत किसी सोने की खान से कम साबित नहीं हो रही। निर्माण कार्यों में रेत की लगातार मांग बनी रहने से इसकी कीमतों में भी वृद्धि हुई है, जिसका सीधा लाभ अवैध कारोबारियों को मिल रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई स्थानों पर रात के अंधेरे में मशीनों और वाहनों की आवाजाही आम बात हो गई है। इससे न केवल पर्यावरण प्रभावित हो रहा है बल्कि ग्रामीण सड़कों की स्थिति भी खराब हो रही है।

**कार्रवाई होती है, लेकिन असर नहीं**

समय-समय पर प्रशासन, पुलिस और खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है। वाहनों की जब्ती और प्रकरण दर्ज होने की खबरें भी सामने आती हैं, लेकिन इसके बावजूद अवैध उत्खनन पूरी तरह नहीं रुक पा रहा। कार्रवाई के बाद कुछ समय के लिए गतिविधियां धीमी अवश्य पड़ती हैं, लेकिन फिर से पहले की तरह शुरू हो जाती हैं। यही कारण है कि प्रशासनिक प्रयासों की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# संरक्षित पर्यावरण सुरक्षित भविष्य : मनीषा सिंह



**नवभारत शहडोल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत शनिवार को जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती मनीषा सिंह ने के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिंहपुर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपनी प्रखर सहभागिता दर्ज कराई।

इस अवसर पर श्रीमती मनीषा सिंह ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से आत्मीय संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा मरीजों को फल वितरित कर स्वास्थ्य लाभ एवं शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरते जाने के आदेश संबंधित अधिकारियों और अस्पताल प्रबंधन को दिए ज्ञात हो की श्रीमती मनीषा सिंह अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लगातार जन संवाद करते हुए जनहित के कार्यों का सफलतापूर्वक संपादन कर रही हैं और मोदी के विकसित भारत स्वप्न को जमीन पर 2047 तक पूर्ण करने हेतु मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के साथ विकसित मध्य प्रदेश का स्वर्णिम स्वप्न साकार करने हेतु अपने आदर्श कार्यों को कृत संकल्पित होकर संपादित कर रहीं हैं जिसकी चहुओर प्रसंशा हो रही है

## इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री अनिल द्विवेदी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, सिंहपुर मंडल अध्यक्ष राकेश कुशवाहा, मंडल महामंत्री राकेश कोल, प्रभाकर उपाध्याय, मंडल उपाध्यक्ष भानु प्रताप नापित (एडवोकेट) शिवनारायण द्विवेदी, मुन्नेलाल पटेल प्रदीप पटेल, संदीप कुशवाहा , विजय प्रताप सिंह , श्री शिवम् , संजीव श्रीवास्तव , राजेश सिंह, वीरेंद्र द्विवेदी, रामकृष्ण शर्मा, जनपद सदस्य श्रीमती मधु श्रीवास्तव, भानु श्रीवास्तव, अथर्व श्रीवास्तव, राजीव नाविक युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दीपेश तिवारी सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# बहुप्रतीक्षित इंदिरा चौक से न्यू बस स्टैंड तक बनेगी मॉडल रोड

- अध्यक्ष और सीएमओ ने किया स्थल निरीक्षण

**नवभारत,शहडोल ।** नगर पालिका परिषद शहडोल द्वारा इंदिरा चौक से न्यू बस स्टैंड तक प्रस्तावित मॉडल रोड निर्माण कार्य के शीघ्र क्रियान्वयन एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष श्री घनश्याम जायसवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशांत सिंह ठाकुर ने स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मार्ग के दोनों ओर स्थित व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों से चर्चा कर निर्माण कार्य में सहयोग की अपील की। व्यापारियों एवं नागरिकों ने भी नगर के विकास कार्यों में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।उल्लेखनीय है कि यह मॉडल रोड सीएम मॉनिट ए-प्लस नगरीय अधोसंरचना कार्ययोजना के अंतर्गत विकसित की जाएगी। परियोजना में सड़क निर्माण, रोड डिवाइडर, विद्युत पोल शिफ्टिंग, सेंट्रल लाइट स्थापना, फुटपाथ निर्माण सहित अन्य आवश्यक अधोसंरचनात्मक कार्य शामिल हैं।

नगर पालिका अध्यक्षघनश्याम जायसवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशांत सिंह ठाकुर ने कहा कि मॉडल रोड परियोजना शहडोल शहर के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके निर्माण से यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा शहर का स्वरूप अधिक आधुनिक और आकर्षक बनेगा।निरीक्षण के दौरान उपयंत्री पुनीत त्रिपाठी, उपयंत्री शरद द्विवेदी, मोतीलाल सिंह, स्वच्छता निरीक्षक अनिल महोबिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, व्यापारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# वाहन चालकों को दिया सुरक्षा और अनुशासन का संदेश

- 32 दोपहिया एवं एक ऑटो वाहन पर चालानी कार्यवाही



**नवभारत, बुढार।** सड़क सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि मानव जीवन की रक्षा का संकल्प है। इसी संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से जिला पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के निर्देशन में बुढार पुलिस द्वारा विशेष सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार के नेतृत्व में नगर के प्रमुख चौराहों एवं व्यस्त मार्गों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।

शुक्रवार को आयोजित इस विशेष कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम ने यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे वाहन चालकों की जांच की। निरीक्षण के समय 32 दोपहिया वाहन चालक एवं एक ऑटो रिक्शा चालक अपने वाहनों के आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, जिसके चलते उनके विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्यवाही की गई। हालांकि इस अभियान की सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि पुलिस ने केवल दंडात्मक कार्यवाही तक स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व से भी अवगत कराया। थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार ने प्रत्येक चालक को यातायात नियमों के पालन का महत्व समझाते हुए बताया कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, वाहन पर वैध नंबर प्लेट लगाने, ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज सदैव साथ रखने तथा सड़क पर संयमित गति से वाहन चलाने की सीख दी। पुलिस की इस संवेदनशील एवं जनहितैषी पहल की नागरिकों ने सराहना की और भविष्य में नियमों का पूर्णत: पालन करने का संकल्प भी लिया।

थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार ने कहा, 'यातायात नियम किसी व्यक्ति को परेशान करने के लिए नहीं बनाए गए हैं, बल्कि उसके जीवन और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हैं। सड़क पर निकलते समय प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह स्वयं भी नियमों का पालन करे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे। हेलमेट, सीट बेल्ट और आवश्यक दस्तावेज केवल औपचारिकताएं नहीं, बल्कि जीवन रक्षा के महत्वपूर्ण साधन हैं। हमारा उद्देश्य चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों को सुरक्षित रखना है। उन्होंने आगे कहा कि यदि भविष्य में कोई भी वाहन चालक बिना नंबर प्लेट, बिना हेलमेट अथवा आवश्यक दस्तावेजों के वाहन चलाते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। यातायात नियमों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार की कार्यशैली और जनजागरूकता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। वे लगातार कानून व्यवस्था के साथ-साथ नागरिक सुरक्षा को भी प्राथमिकता देते हुए विभिन्न जागरूकता अभियानों का संचालन कर रहे हैं। सड़क सुरक्षा अभियान के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया है कि पुलिस केवल कानून लागू करने वाली संस्था नहीं, बल्कि समाज को सुरक्षित और जागरूक बनाने वाली मित्रवत शक्ति भी है।

